पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल से श्री कपिल पाटिल ने मुलाकात की

21 सितम्बर, 2015

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल, श्री राम नाईक से आज राजभवन में महाराष्ट्र विधान परिषद के सदस्य, श्री कपिल हरीशचन्द्र पाटिल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मण्डल ने भेंट की तथा उत्तर प्रदेश में शिक्षामित्रों की समस्याओं पर विचार-विमर्श किया।

राज्यपाल से श्री कपिल पाटिल ने शिक्षामित्रों की समस्या सुलझाने के लिये महाराष्ट्र माडल पर चर्चा की। राज्यपाल ने आश्वासन दिया कि वे इस संबंध में केन्द्र सरकार व राज्य सरकार से भी विचार करेंगे।

इससे पूर्व श्री पाटिल ने मुख्यमंत्री, श्री अखिलेश यादव व प्रदेश के बेसिक शिक्षा मंत्री, श्री राम गोविन्द चौधरी से भी विचार-विमर्श किया।